Seat No. : _______________

# MG-101-H

**March-2019**

**B.Com., Sem.-III (Repeater)**

**CE-202 (A) : Adv. A/c. Auditing**
**(Corporate Accountancy)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) मिलिन लिमि. का ता. 31-3-2018 के रोज का तुलनपत्रक निम्नानुसार है : **14**

| देयताएँ | ₹ | मिलकतें | ₹ |
|---|---|---|---|
| ईक्वीटी शेयर प्रत्येक ₹ 10 का पूर्ण भरपाई | 8,25,000 | ख्याति | 1,32,000 |
| | | जमीन – मकान | 16,50,000 |
| 10% के प्रायिकता शेयर्स ₹ 100 का एक पूर्ण भरपाई | 16,50,000 | प्लांट तथा यंत्र | 13,20,000 |
| सामान्य अनामत | 8,25,000 | 12% की सरकारी प्रतिभूति (मू.की. ₹ 3,30,000) | 1,98,000 |
| 10% ऋणपत्र | 9,90,000 | स्टॉक | 6,60,000 |
| लेनदार | 3,30,000 | देनदार | 2,64,000 |
| देय हुंडी | 1,65,000 | प्राप्य हुंडी | 2,31,000 |
| कर्मचारी लाभ – अंशनिधि | 1,65,000 | रोकड़ तथा बैंक सिलक | 4,02,600 |
| | | प्राथमिक खर्च | 92,400 |
| | **49,50,000** | | **49,50,000** |

**अतिरिक्त विवरण :**

(1) जमीन मकान की बाजार कीमत उसकी पुस्त कीमत से 20% अधिक है । जबकि प्लांट तथा यंत्रों की बाजार कीमत पुस्त कीमत से 20% कम है ।

(2) 20% स्टॉक की बाजार कीमत पुस्त कीमत से 20% अधिक है ।

(3) मिलिन लिमि. जिस प्रकार का व्यवसाय करते हैं उसमें निवेशित पूंजी पर अपेक्षित प्रतिफल की दर 15% ली जाती है ।

(4) विगत तीन वर्ष का कर के बाद का शुद्ध लाभ (50%) के हिसाब से । क्रमशः ₹ 3,30,000, ₹ 9,90,000 तथा ₹ 6,60,000 रहा ।

अधिक लाभ से तीन गुनी कीमत पर कंपनी की ख्याति की कीमत ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(A) (i) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : ख्याति का मूल्यांकन की अधिक लाभ की रीति **7**

(ii) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : ख्याति को असर करने वाले परिबल **7**

(B) निम्नलिखित उपप्रश्नों के एक से अधिक विकल्प दिये हैं उनमें से सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **चार**) **4**

(1) हर वर्ष लाभ की रकम सतत बढ़ती हो तब ख्याति की गणना करते समय कौन सा लाभ ध्यान में लिया जाएगा ?

(A) सादा औसत लाभ (B) भारित औसत लाभ

(C) पूंजीकृत लाभ (D) अधिक लाभ

(2) अपेक्षित प्रतिफल की दर के आधार पर औसत लाभ की पूंजीकृत कीमत क्या है ?

(A) अधिक लाभ (B) ख्याति

(C) भारित औसत लाभ (D) पूंजीकृत लाभ

(3) अधिक लाभ ज्ञात करने का सूत्र कौन सा है ?

(A) औसत लाभ – अपेक्षित लाभ (B) अपेक्षित लाभ – औसत लाभ

(C) औसत लाभ + अपेक्षित लाभ (D) अपेक्षित लाभ + औसत लाभ

(4) अधिक लाभ की तीन वर्ष की खरीदी के अनुसार निम्नलिखित विवरण में से ख्याति ज्ञात कीजिए । निवेश की गई पूँजी ₹ 8,00,000, अपेक्षित प्रतिफल दर 12%, औसत लाभ ₹ 1,20,000.

(A) ₹ 96,000 (B) ₹ 72,000

(C) ₹ 1,44,000 (D) ₹ 27,000

(5) व्यवसाय में जोखिम अधिक हो तो ख्याति :

(A) सामान्य रहती है । (B) कम होती है ।

(C) अधिक होती है । (D) शून्य होती है ।

(6) ख्याति के मूल्यांकन के लिए निवेशित पूंजी की गणना करते समय निम्नलिखित में से कौन सी माहिती ध्यान में ली जाती है ?

(A) कारीगर अकस्मात प्रतिफल निधि (B) प्राथमिक खर्च

(C) कारीगर लाभ अंश निधि (D) कोई नहीं ।

2. (A) प्रिंस कंपनी लिमि. का ता. 31-3-2018 का तुलनपत्रक निम्नानुसार है : **14**

| देयताएँ | ₹ | मिलकतें | ₹ |
|---|---|---|---|
| ₹ 100 का ऐसे पूर्ण भरपाई | | मकान | 6,00,000 |
| इक्वीटी शेयर | 6,00,000 | यंत्र | 4,00,000 |
| 10% की प्रेफ. शेयरपूंजी | 2,00,000 | निवेश | 1,00,000 |
| सामान्य अनामत | 2,00,000 | देनदार | 1,00,000 |
| 10% के ऋणपत्र | 2,00,000 | रोकड़–बैंक | 2,00,000 |
| लेनदारों | 2,00,000 | प्राथमिक खर्च | 1,00,000 |
| देय हुंडी | 1,00,000 | | |
| | **15,00,000** | | **15,00,000** |

**अतिरिक्त विवरण :**

(1) मकान की कीमत ₹ 7,00,000 लिया जाए ।

(2) ख्याति की कीमत ₹ 1,00,000 लिया जाए ।

(3) लाभांश बांटने के पहले का शुद्ध लाभ ₹ 3,00,000 है ।

(4) अपेक्षित प्रतिफल की दर 15% है ।

इक्वीटी शेयर की उचित कीमत ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(A) (i) शेयर मूल्यांकन क्या है ? शेयर मूल्यांकन को असर करने वाले परिबलों को लिखिए । **7**

(ii) शेयर की आंतरिक कीमत, बाजार कीमत तथा उचित कीमत की अवधारणा सूत्र की सहायता से समझाइए । **7**

(B) निम्नलिखित उपप्रश्नों के जवाब एक से अधिक विकल्पों में हैं । सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **चार**) **4**

(1) शुद्ध मिलकत की गणना में मिलकतों की _____ ही ध्यान में ली जानी चाहिए ।

(A) पुस्तक कीमत (B) उपज सके वह कीमत

(C) मूल कीमत (D) लागत कीमत

(2) यदि एक कंपनी के इक्वीटी शेयर की उचित कीमत ₹ 900 हो तथा बाजार कीमत ₹ 840, हो तो उसकी आंतरिक कीमत ________ होगी ।

(A) ₹ 870 (B) ₹ 960

(C) ₹ 690 (D) ₹ 780

(3) कंपनी शेयर की किस कीमत पर लाभांश देती है ?

(A) बाजार कीमत (B) उचित कीमत

(C) आंतरिक कीमत (D) मूल कीमत

(4) निम्न में से किस कंपनी के शेयर का बाजार भाव नहीं बताया जाता है ?

(A) विदेशी कंपनी (B) सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी

(C) धारक कंपनी (D) निजी कंपनी

(5) कंपनी के शेयर का मूल्यांकन करने के लिए शुद्ध मिलकतों को लेते हुए अवास्तविक मिलकतों को किस कीमत पर लिया जाता है ?

(A) पुस्तक कीमत (B) बाजार कीमत

(C) मूल कीमत (D) इनमें से कोई नहीं

(6) बोनस शेयर जारी करने के पश्चात सामान्य ढंग से शेयर की आंतरिक कीमत

(A) बढ़ती है । (B) घटती है ।

(C) अपरिवर्तित रहती है । (D) कभी बढ़ती है, कभी घटती है ।

3. (A) वलसाड़ बैंक लिमि. का ता. 31-3-2018 का कच्चा चिट्ठा के आधार पर कितनी बकाया ली गई है, उस पर से फोर्म–बी (नया फार्म) के अनुरूप लाभ–हानि खाता तैयार कीजिए । इस हेतु परिशिष्ट 13 से 16 बनाइए : **14**

| | **विवरण** | **₹** |
|---|---|---|
| (1) | शेयर पूंजी | 96,00,000 |
| (2) | लोन का ब्याज | 12,00,000 |
| (3) | ओव्हरड्राफ्ट का ब्याज | 3,60,000 |
| (4) | कैश क्रेडिट का ब्याज | 3,00,000 |
| (5) | मिलकतों की मरामत का खर्च | 36,000 |
| (6) | कानूनी खर्च | 60,000 |
| (7) | संचालन खर्च | 96,000 |
| (8) | ऑडिट खर्च | 36,000 |
| (9) | डायरेक्टर फीस | 60,000 |
| (10) | नियादी जमाओं पर ब्याज | 2,64,000 |
| (11) | बचत खाता पर ब्याज | 1,32,000 |
| (12) | चालू खाता पर ब्याज | 9,600 |
| (13) | हुंडियों पर बट्टा | 50,400 |
| (14) | भुनाई गई हुंडी पर प्रतिफल (1-4-2017) | 9,600 |
| (15) | लाभ हानि खाता की जमा शेष (1-4-2017) | 3,60,000 |
| (16) | ग्राहकों से वसूल की गई बैंक चार्ज तथा कमीशन | 66,000 |
| (17) | वेतन तथा भत्ते | 1,56,000 |
| (18) | सेफ डिपाजिट वाल्ट का भाड़ा | 62,400 |
| (19) | चुकाया गया भाड़ा तथा कर | 14,400 |
| (20) | फुटकर खर्च | 21,600 |
| (21) | फुटकर आय | 12,000 |

**अतिरिक्त विवरण :**

(1) ता. 31-3-2018 को भुनाई हुंडियों का प्रतिफल बकाया ₹ 12,000 है ।

(2) अशोध्य ऋण हेतु ₹ 24,000 तथा कर के लिए ₹ 60,000 का प्रावधान किया जाना है ।

(3) घोषित लाभांश 10% है ।

(4) नियमानुसार कानूनी अनामत का प्रावधान किया जाना है ।

**अथवा**

(A) (1) निम्नलिखित विवरण से दी अमर लिमि. का ता. 31-3-2018 को पूरे होते वर्ष का फोर्म–बी में लाभ–हानि खाता तैयार कीजिए : **7**

| **विवरण** | ₹ |
|---|---|
| अर्जित ब्याज | 57,60,000 |
| संचालन खर्च | 18,72,000 |
| अन्य आय | 5,76,000 |
| जमाएँ | 14,40,000 |
| खर्च किया ब्याज | 23,04,000 |
| प्रावधान तथा आकस्मिकताएँ | 4,32,000 |
| विगत वर्ष की लाभ–हानि खाते की जमा शेष | 11,52,000 |

नियमानुसार कम से कम आवश्यक रकम कानूनी अनामत खाते में ले जाना है :

(2) बैंकिंग कंपनी के तुलनपत्रक में दर्शाए योग्य कोई भी चार संभावित देयताओं तथा अन्य मिलकतों को लिखिए । **7**

(B) निम्नलिखित उपप्रश्नों के लिए एक से अधिक विकल्प दिये गये हैं, उनमें से सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) भुनाई गई हुँडियों के प्रतिफल की शुरुआत का शेष :

(A) जमा शेष होती है । (B) नामे शेष होता है ।

(C) जमा या नामे कोई भी हो सकता है । (D) इनमें से कोई नहीं ।

(2) बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट के अनुसार प्रति वर्ष उस बैंक द्वारा अपने स्वयं के लाभ में से _____ रकम अनामत निधि खाते में ले जायी जाती है ।

(A) 10% (B) 20%

(C) 25% (D) 5%

(3) अनुत्पादक मिलकत (NPA) पर प्राप्य ब्याज पकने की तारीख पर _______ खाते में जमा की जाती है ।

(A) लाभ हानि (B) ब्याज

(C) ब्याज उचंती (D) इनमें से कोई नहीं ।

(4) निम्नलिखित में से मिलकतों (NPA) में से कौन सी मिलकत बैंकिंग नियमानुसार बैंक ऋणों के वर्गीकरण में शामिल नहीं की जाती ?

(A) रेहनरखी मिलकत (B) स्टेंडर्ड मिलकत

(C) सब–स्टेंडर्ड मिलकत (D) गुमी हुई मिलकत

(5) जाहिर हित में रिजर्व बैंक द्वारा सूचित स्पेशियल ऑडिट का खर्च किसे उठाना होता है ?

(A) रिजर्व बैंक (B) भारत सरकार

(C) बैंकिंग कंपनी (D) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

4. (A) रोनक लिमि. का ता. 31-3-2018 को स्वैच्छिक समापन हुआ । उस तारीख को लेखा पुस्तकों में निम्नानुसार शेष रहे थे : **14**

| **देयताएँ** | **₹** | **मिलकतें** | **₹** |
|---|---|---|---|
| 5,000 ईक्वीटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का | 5,00,000 | जमीन तथा मकान | 6,00,000 |
| 10,000 6% के प्रायिकता शेयर प्रत्येक ₹ 100 का | 10,00,000 | मशीन संयंत्र | 12,00,000 |
| 15,000 इक्वीटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का ₹ 60 भरपाई । | 9,00,000 | पेटेन्ट्स | 2,50,000 |
| | | स्टॉक | 3,00,000 |
| 5% के गिरवी ऋणपत्र | 5,00,000 | देनदार | 4,50,000 |
| शेष ब्याज | 25,000 | रोकड़ | 1,50,000 |
| लेनदार | 7,25,000 | लाभ–हानि खाता | 7,00,000 |
| | **36,50,000** | | **36,50,000** |

रोकड़ के अतिरिक्त मिलकतों में से उपजी कीमत का 3% तथा पसंदगी के लेनदारों के अलावा बिन सलामत लेनदारों को चुकायी रकम का 2% कमीशन प्राप्त करने के लिए लिक्विडेटर हकदार है :

मिलकतों की कीमत निम्नानुसार है आयी :

| | ₹ |
|---|---|
| जमीन मकान | 10,00,000 |
| पेटेन्ट्स | 1,60,000 |
| देनदार | 4,50,000 |
| मशीन तथा संयंत्र | 8,00,000 |
| स्टॉक | 2,50,000 |

₹ 60,000 विसर्जन खर्च हुआ है, लेनदारों में ₹ 75,000 पसंदगी के लेनदार का तथा जमीन मकान की प्रतिभूति पर लिया लोन ₹ 2,50,000 का समावेश होता है । प्रेफरेंस लाभांश दो वर्ष का बाकी है । लिक्वीडेशन के अंत का हिसाबी पत्रक तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(A) (i) सत्त्व लि. कंपनी का स्वैच्छिक विसर्जन किया गया तब कुल देयताएँ ₹ 10,00,000 थी जिसमें निम्न का समावेश हुआ था : **7**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | कर्मचारीओं का प्राविडेंट फंड | 2,00,000 |
| (2) | डायरेक्टर की फीस | 15,000 |
| (3) | दो कारकूनों के विगत पाँच माह का बकाया वेतन | 1,50,000 |
| (4) | दो वर्ष पहले का बकाया आयकर | 1,30,000 |
| (5) | कामगारों की मजदूरी चूकाना बाकी | 50,000 |
| (6) | एक कैशियर का पिछले तीन माह का बाकी वेतन | 1,20,000 |
| (7) | पिछले वर्ष का बाकी म्युनिसिपल टेक्स | 10,000 |
| (8) | अन्य फुटकर लेनदार | (?) |

उपरोक्त विवरण से सम्पूर्ण सुरक्षित लेनदारों, पसंदगी के लेनदारों साथ ही बिन सलामत लेनदारों का वर्गीकरण कीजिए ।

(ii) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **दो**) **7**

(1) लिक्विडेटर का आय–व्यय पत्रक

(2) प्रेफरेंशियल लेनदार

(3) पूर्ण सलामत लेनदार

(B) निम्न प्रश्नों के दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) कंपनी के विसर्जन हेतु निम्न में से कौन आवेदन नहीं कर सकता है ?

(A) स्वयं कंपनी (B) लेनदार

(C) हिस्सेदार (D) देनदार

(2) लिक्विडेटर का आय–व्यय का अंतिम पत्रक कब जारी किया जाता है ?

(A) प्रति वर्ष (B) प्रति तीन वर्ष में

(C) जब विसर्जन कार्य पूर्ण हो जाए (D) प्रति दो वर्ष

(3) तीन कारकून का पिछले तीन माह का, प्रत्येक का मासिक वेतन ₹ 12,000 की दर से चुकाना बाकी है तो विसर्जन के समय उसमें से पसंदगी के लेनदार कितने हुए ?

(A) ₹ 72,000 (B) ₹ 36,000

(C) ₹ 1,08,000 (D) ₹ 60,000

(4) लिक्विडेटर के पास लेनदारों को चुकाने हेतु मात्र ₹ 94,500 हैं । लिक्विडेटर का लेनदारों को चुकायी रकम पर 5% मेहनताना

(A) ₹ 4,500 (B) ₹ 4,275

(C) ₹ 4,725 (D) ₹ 5,400

(5) निम्न कौन लेनदार फ्लोटिंग चार्ज लेनदार है ?

(A) लेनदार (B) सरकारी कर्ज

(C) प्रोविडेंट फंड (D) ऋणपत्र

---